No. of Printed Pages : 10 **BHMCT–101**

# B. A. (HONS.) (PERFORMING ARTS) HINDUSTANI MUSIC (BAPFHMH)

## Term-End Examination

## June, 2026

## BHMCT-101 : INTRODUCTION TO INDIAN MUSIC AND ITS FUNDAMENTALS

*Time : $2\frac{1}{2}$ Hours* *Maximum Marks : 100*

---

***Note :*** *All questions are compulsory.*

---

1. Fill in the blanks with appropriate words from the options given below : 10

(**Options :** Lalith Sangeetam, Rasa, Panini, Tappa, Raja Mansingh Tomar, Content, Samudragupta, Swarit, Kathakali, Ashray)

(i) The element underlying various arts like Painting, Drama, Music or Dance etc. is called ................. .

(ii) The name of the classical dance developed in Karnataka is ................. .

(iii) In South India, Sugam Sangeet is known as ................. .

(iv) The three notes of Sama Gaana were known as Udatt, Anudatt and ................. .

(v) ................. had compared the Vedic 'yamas' with the musical notes of the common society.

(vi) King ................. of the Gupta Empire is depicted playing the veena on the gold coin issued by him.

(vii) The concept of ................. is found for the first time in Bharata's Natyashastra.

(viii) Sultan Hussain Shah Sharqi of Jaunpur is considered the inventor of ................. genre.

(ix) Raga Bhairava, is the '.................' raga of Thaat Bhairav.

(x) Dhrupad genre was initiated by ................. .

2. Write the definitions of any *five* of the following : 5×4=20

(i) Naad

(ii) Shruti

(iii) Raga

(iv) Taal

(v) Matra

(vi) Wind Instrument

(vii) Meend

(viii) Aalap

3. Answer any *five* of the following questions in **300** words each : 5×6=30

(i) Tell about any *three* characteristics of Indian culture.

(ii) Write a short note regarding the music described in Naradiya Shiksha.

(iii) Give a brief description of any raga of the syllabus and write its Sargam Geet.

(iv) Briefly describe the Kajri and Chaiti forms.

(v) Briefly explain the contribution of Sultan Hussain Shah Sharqi to the Indian music.

(vi) Name all the classical dances of India and their places of origin.

(vii) Write a brief introduction and 'Theka' of any 'Tala' from your syllabus.

(viii) Give brief description of Trivat and Chaturanga.

4. Answer any *two* of the following questions in detail : 2×20=40

(i) Give a detailed description of the origin and development of Khayal genre.

(ii) Explain the classification of musical instruments in your own words.

(iii) Describe in detail the concept of 'Tala' in Hindustani music.

(iv) Explaining the importance of Tanpura, describe its various parts.

# BHMCT–101

## बी. ए. (ऑनर्स) (परफॉर्मिंग आर्ट्स) हिन्दुस्तानी संगीत (बी.ए.पी.एफ.एच.एम.एच.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2026

## बी.एच.एम.सी.टी.–101 : भारतीय संगीत और इसके मूल सिद्धांतों का परिचय

*समय : $2\frac{1}{2}$ घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

---

1. रिक्त स्थानों को नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित शब्दों से भरिए : 10

(**विकल्प :** ललित संगीतं, रस, पाणिनी, टप्पा, राजा मानसिंह तोमर, सामग्री, समुद्रगुप्त, स्वरित, कथकलि, आश्रय)

(i) चित्र, नाटक, संगीत या नृत्य आदि विभिन्न कलाओं में अंतर्निहित तत्व को ................ कहा जाता है।

(ii) कर्नाटक में विकसित शास्त्रीय नृत्य का नाम है ................ ।

(iii) दक्षिणी भारत में सुगम संगीत को ................ के नाम से जाना जाता है।

(iv) साम गान के तीन स्वरों को उदात्त, अनुदात्त तथा ................ के नाम से जाना जाता था ।

(v) ................ ने वैदिक यमों की आम समाज के संगीत के स्वरों के साथ तुलना की थी।

(vi) गुप्त साम्राज्य के राजा ................ को उनके द्वारा जारी की गई स्वर्ण मुद्रा में वीणा बजाते हुए दर्शाया गया है।

(vii) भरत के नाट्यशास्त्र में पहली बार ................ की अवधारणा पाई जाती है।

(viii) जौनपुर के सुलतान हुसैन शाह शर्की को ................ विधा का आविष्कारक माना जाता है।

(ix) राग भैरव, ठाट ................ का आश्रय राग है।

(x) ध्रुपद विधा को ................ ने प्रतिष्ठित किया ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** की परिभाषा लिखिए : 5×4=20

(i) नाद

(ii) श्रुति

(iii) राग

(iv) ताल

(v) मात्रा

(vi) सुषिर वाद्य

(vii) मींड़

(viii) आलाप

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर **300** शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए : 5×6=30

(i) भारतीय संस्कृति की किन्हीं **तीन** विशेषताओं के बारे में बताइए।

(ii) नारदीय शिक्षा में वर्णित संगीत के संबंध में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(iii) पाठ्यक्रम के किसी भी राग का संक्षिप्त विवरण देते हुए उसके सरगम गीत को लिखिए।

(iv) कजरी और चौती विधा का वर्णन कीजिए।

(v) सुल्तान हुसैन शाह शर्की का भारतीय संगीत में क्या योगदान है संक्षिप्त रूप में बताइए।

(vi) भारत के सभी शास्त्रीय नृत्य और उनके उद्‌गम स्थलों के नाम बताइए।

(vii) पाठ्यक्रम के किसी भी ताल का संक्षिप्त परिचय और ठेका लिखिए।

(viii) त्रिवट और चतुरंग विधाओं का परिचय दीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तारपूर्वक उत्तर दीजिए : 2×20=40

(i) ख्याल विधा की उत्पत्ति और विकास का विस्तृत विवरण दीजिए।

(ii) संगीत वाद्यों के वर्गीकरण अपने शब्दों में समझाइए।

(iii) हिन्दुस्तानी संगीत में ताल की संकल्पना के बारे में विस्तृत रूप से बताइए।

(iv) तानपूरे के महत्व को समझाते हुए, इसके विभिन्न अंगों का वर्णन कीजिए।

× × × × ×